# सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद ने शिक्षकों का किया सम्मान



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर**

सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, संरक्षक सरला पांडे, जिला उपाध्यक्ष अरुणा दुबे व पूर्णिमा शुक्ला, जिला सचिव ज्योति तिवारी तथा नगर अध्यक्ष सुनंदा भट्ट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ सुषमा तिवारी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों और शिक्षकों का पारंपरिक रूप से पट्का पहनाकर भावभिना स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन नंदिता चौबे, सपना शर्मा और प्रियंका गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का सच्चा निर्माता होता है। परिषद की पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। गुरु वह दीपक है जो स्वयं जलकर अपने शिष्यों के जीवन में ज्ञान और संस्कार का प्रकाश फैलाता है। उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षिकाएं हुई सम्मानित- समारोह में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं में उर्मिला भाटली, मंजू लता पांडे, रजनी त्रिपाठी, शैलजा चौबे, आराधना दुबे, संचिता दुबे, प्रीति तिवारी, शक्ति दुबे, सोमजया मिश्रा, सुषमा शर्मा, सीमा दुबे, नितिशा शर्मा, मीनाक्षी पुरोहित, सुभावना पांडे, मीना शर्मा, अल्पना पाठक, मनीषा पुरोहित एवं योगिता चौबे शामिल हैं। परिषद की ओर से सभी को सम्मान स्वरूप शील्ड एवं पेन सेट प्रदान किए गए। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिक्षकों ने अपने जीवन में गुरु की सीख और प्रेरणा से जुड़े संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में परिषद की मंजू दुबे, शालू शर्मा, रचना त्रिवेदी, ज्योति पचौरी, संगीता बेदी, श्रेया पांडे, प्रीति गोस्वामी, प्रियंका पाठक, रुक्मिणी ढिमोले, मोहिनी रावत, रश्मि स्थापक, अर्चना शास्त्री, आशा भाटली, श्रुति भाटली एवं प्रतिभा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में परिषद की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भगवान सांवलिया सेठ की विशाल शोभायात्रा निकली, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महा प्रसादी



**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

नगर के प्रसिद्ध ओंकारनाथ मंदिर पर हरिहर मिलन के अवसर पर रविवार को मेडतवाल वैश्य समाज द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान सांवलिया सेठ एवं भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। बैंड-बाजों, धार्मिक भजनों और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। रिमझिम बारिश के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह और भक्ति से सराबोर नजर आए। धार्मिक भजनों की धुन पर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा के ओंकारनाथ मंदिर पहुंचने पर धार्मिक कथा का आयोजन हुआ। इसके पश्चात समाजजनों द्वारा भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। हरिहर मिलन के इस आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भक्ति का सुंदर संदेश दिया।

# शिक्षक दिवस पर भारत विकास परिषद ने किया शिक्षकों का भावपूर्ण सम्मान

## गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, वे संस्कारों से राष्ट्र का भविष्य गढ़ते हैं



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

भारत विकास परिषद, नर्मदापुरम शाखा, जिला नर्मदापुरम, मध्य भारत दक्षिण प्रांत द्वारा सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार एवं सम्मान की अपनी सतत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान का भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला, कमिश्नर कॉलोनी, नर्मदापुरम में किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया। इस अवसर पर परिषद की प्रांत महिला संयोजक वंदना शर्मा, सुभाष बरेले, राकेश चौहान, सचिव नलिन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने शिक्षकों का तिलक, पुष्पमाला एवं सम्मान के साथ अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला मालाखेड़ी से पूर्णिमा शर्मा, एन.पी. बरेले, सीमा शर्मा, राजेश्वरी मालवीय एवं अनीता अवस्थी; शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम से डॉ. भारती मिश्रा एवं हरिशंकर बरगले तथा शासकीय प्राथमिक शाला, कमिश्नर कॉलोनी से रत्ना बरेले एवं रूपसिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में परिषद के योग आयाम समिति के योगाचार्य गुरु राकेश चौहान का भी तिलक, पुष्पमाला, पूजन एवं आरती कर श्रद्धापूर्वक सम्मान किया गया। वातावरण में गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर परिषद की प्रांत महिला संयोजक वंदना शर्मा जी ने कहा कि शिक्षक समाज के ऐसे शिल्पकार हैं, जो अपने ज्ञान, संस्कार और समर्पण से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हुए राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

उनका सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की उस महान परंपरा का सम्मान है, जिसके कारण समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। सम्मान से अभिभूत शिक्षकों ने भारत विकास परिषद के इस आत्मीय एवं गरिमामय आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव जागृत करने वाले ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए।

# शिक्षक समाज के वास्तविक निर्माता छात्रों ने गुरुजनों का किया सम्मान

## एक्सीलेंस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गाजनपुर में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ सम्मान समारोह

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**



शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2026 को एक्सीलेंस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गाजनपुर में विद्यार्थियों द्वारा गुरुजनों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर के अध्यक्ष श्री सुनील सिंगोरिया उपस्थित रहे।

वहीं शाला संचालक सेवनदास लौवंशी, शिक्षक आकाश रघुवंशी एवं श्री दिनेश तेकाम तथा शिक्षिकाएं श्रीमती नेहा तिवारी, शिवानी लौवंशी, नेहा यदुवंशी एवं राखी लौवंशी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने अपने भाषण एवं कविताओं के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य परंपरा और सम्मान का भाव देखने को मिला।

'शिक्षक समाज का वास्तविक निर्माता'-मुख्य अतिथि सुनील सिंगोरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि, 'माता-पिता जन्म देते हैं, पर शिक्षक जीना सिखाते हैं। एक शिक्षक ही समाज का वास्तविक निर्माता होता है।' उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं शाला संचालक श्री सेवनदास लौवंशी ने गुरु की महिमा को शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा– 'फूलों से बगिया बने, रंगों से रंगोली बने। जीवन में गुरु मिले, तो जीवन स्वर्ग बने। ' उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह एवं आत्मीयता का माहौल रहा। समारोह ने गुरु के प्रति सम्मान, संस्कार और कृतज्ञता का सुंदर संदेश दिया।

# सड़क पर घायल को देख सांसद ने रुकवाया काफिला

## विवेक तंखा ने फॉलो गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**



नरसिंहपुर जिले के एनएच-45 पर रविवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सरसला गांव के पास हुए इस हादसे में 35 वर्षीय सुरेंद्र ठाकुर निवासी रामखिरिया के सिर में गंभीर चोट आई। वह सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डायल-100 को दी थी। इसी बीच राज्यसभा सांसद विवेक तंखा का काफिला वहां से गुजर रहा था। सड़क किनारे घायल युवक को देखकर सांसद ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने बिना देरी किए अपनी पुलिस फॉलो गाड़ी से घायल को अस्पताल भेजने का इंतजाम किया। पुलिस फॉलो गाड़ी घायल सुरेंद्र ठाकुर को प्राथमिक उपचार के लिए रोसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां उसका इलाज शुरू किया गया।

## 'छात्रों की गूँज' अभियान के तहत सिवनी मालवा में होगा विशाल छात्र संवाद

# पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और भर्ती परीक्षाओं की अनियमितताओं पर होगी चर्चा

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

युवाओं के भविष्य, रोजगार एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी 'छात्रों की गूँज' छात्र-संवाद अभियान के तहत सिवनी मालवा में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर संवाद एवं चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम का आयोजन 7 सितंबर 2026 को दोपहर 1 बजे रेस्ट हाउस, बानापुरा में किया जाएगा। संवाद के दौरान पेपर लीक, महंगी शिक्षा, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं एवं बेरोजगारी जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। युवाओं और विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने का अवसर भी दिया जाएगा।

अभियान के तहत सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय एवं एस.डी.एम. कॉलेज के छात्र-छात्राओं से क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस संवाद अभियान से जुड़ सकें। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री शिवकांत 'गुड्डन' पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रहेगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं से सीधे संवाद स्थापित कर शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उनकी चिंताओं एवं समस्याओं को सामने लाना है।

कार्यक्रम के लिए नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोलरिया एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा की ओर से युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# कलेक्टर ने किया पिपरिया के प्रगति फूड संस्थान का भ्रमण

## औद्योगिक विकास को मिल रहा शासकीय योजनाओं का संबल

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाएं एवं नीतियां युवाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही हैं। जिले में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का निरंतर विकास किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर नए उद्यम स्थापित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पिपरिया में एमपीआईडीसी द्वारा चिन्हित औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी श्री मयंक दुदानी द्वारा स्थापित प्रगति फूड का निरीक्षण कर वहां संचालित उत्पादन गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्लांट में चावल की प्रोसेसिंग से लेकर क्वालिटी चेक एवं पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने प्लांट में स्थापित विभिन्न मशीनों का निरीक्षण करते हुए उनके कार्य करने के तरीके एवं उत्पादन प्रक्रिया में उनकी भूमिका के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संस्थान के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देखा।

# तहसीलदार ने किया गिरदावरी कार्य का निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा गिरदावरी कार्य का सतत निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में तहसील साईखेड़ा के तहसीलदार इमरान मंसूरी ने ग्राम गुजरझिरिया, पटवारी हल्का क्रमांक 41 में पहुंचकर गिरदावरी कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने खेतों में पहुंचकर फसलों का भौतिक सत्यापन करते हुए ऑनलाइन गिरदावरी की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। हल्का पटवारी सौरभ कौरव स्वयं मौके पर पहुंचकर गिरदावरी कार्य संपादित कर रहे हैं। तहसीलदार मंसूरी ने गिरदावरी कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अमले को कार्य पूरी गंभीरता, सावधानी और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा गिरदावरी कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि फसलों एवं कृषि संबंधी आंकड़ों का वास्तविक और सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।

## देवा माई मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान, लगाए पौधे

# 4 वर्षों से चल रहा स्वच्छता अभियान, भारी बारिश में भी नहीं थमा समाज का संकल्प

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**



अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुष द्वारा प्रत्येक रविवार को विगत चार वर्षों से स्वच्छता और पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। हर रविवार घाटों पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पौधारोपण भी किया जा रहा है।स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को सदर बाजार स्थित रामजी बाबा समाधि एवं देवा माई मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

समाजजनों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई करने के बाद परिसर के सामने विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे। इस अवसर पर ज्योति वर्मा, प्रीती खरे, मंजू वर्मा , सुमन वर्मा , रितु श्रीवास्तव, जानकी, प्रिया श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , सुनील राय , राजेंद्र श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, देवा भाई मंदिर के पुजारी विश्वकर्मा , लालता प्रसाद , आदित्य, सीबी खरे , आशा राजपूत, श्रीमती ममता तिवारी, राधा गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

इस मौके पर प्रखर समाजसेवी सुनील राय ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का दायित्व है। धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में पेड़ बनकर पर्यावरण को समृद्ध कर सकें। पौधारोपण के दौरान नींबू, अमरूद, कटहल, बेलपत्र सहित विभिन्न फलदार एवं फूलदार सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए। मंदिर परिसर के आसपास अनेक प्रकार के फूलदार पौधे लगाए जिससे वातावरण शुद्ध और साफ हो। इसके साथ ही समाज के सभी लोगों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण करने का भी संकल्प दोहराया।

# श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का हुआ वर्णन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**



नगर की अरमान नगर कॉलोनी में शिक्षक हरिओम दुबे के निवास पर आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के छटवे दिन रविवार को कथा व्यास पंडित अंबिका प्रसाद उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, कालिया मर्दन और गोवर्धन पूजा का अत्यंत भावपूर्ण व संगीतमय वर्णन किया। कथा व्यास पंडित अंबिका प्रसाद उपाध्याय ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के मान-मर्दन के लिए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु गोवर्धन पर्वत की पूजा कराई थी। प्रकृति और पर्यावरण ही हमारा सच्चा पोषण करते हैं, इसलिए इनका संरक्षण प्रत्येक मनुष्य का धर्म है।

उन्होंने पूतना वध और माखन चोरी लीला का आध्यात्मिक अर्थ समझाते हुए कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं, छल-कपट त्याग कर जो भी उन्हें प्रेम से पुकारता है, प्रभु उसके हृदय में वास करते हैं। कथा के दौरान जैसे ही गोवर्धन लीला और माखन चोरी का सजीव चित्रण भजनों के माध्यम से हुआ, पूरा पंडाल 'राधे-राधे' और 'गोवर्धन गिरधारी की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति भजनों की मधुर धुन पर झूमने को विवश हो गए। आयोजक शिक्षक हरिओम दुबे एवं उनके परिवार ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती की गई तथा उपस्थित सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय कॉलोनीवासी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।